समर्थन | लोक निर्माण मंत्री ने परिवारवाद के खिलाफ शुरू की गई मुहिम का किया समर्थन

# भाजपा में निर्णयों के साथ ही हो जाती है सहमति : सिंह

**नए प्रदेश अध्यक्ष का फरमान परिवारवाद की राजनीति को खत्म किया जाएगा**

**नवभारत,जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी एक ऐसा संगठन है जहां निर्णयों के साथ ही सहमति हो जाती है। भाजपा द्वारा समयानुकूल उचित निर्णय लिए जाते हैं। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने जो परिवारवाद के खिलाफ निर्णय लिया है वह संगठन की उच्च स्तरीय बैठक के बाद ही लिया है। इस निर्णय पर संगठन की ओर से किसी की भी असहमति नहीं है। ये सारी बातें लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने गुरूवार को पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहीं। श्री सिंह ने इस दौरान ये भी कहा कि मैं और संगठन के सभी जिम्मेदार प्रदेश अध्यक्ष के इस फैसले का समर्थन करते हैं।

### पद दिलाने की जुगत में जुटे नेताओं को स्पष्ट संदेश

जानकारी के अनुसार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने प्रदेश सहित जबलपुर जिले के उन सभी ऐसे नेताओं को स्पष्ट संकेत दे दिए हैं जो कि जिला कार्यकारिणी में अपने परिवार के किसी न किसी को पद दिलाने के लिए पार्टी पर अनावश्यक रूप से दवाब बनाने की कोशिश कर रहे थे। सर्वविदित है कि अभी प्रदेश स्तर पर भाजपा द्वारा सिर्फ 12 जिलों की कार्यकारिणी ही घोषित की गई है जबकि 48 जिलों की कार्यकारिणी की घोषणा होना अभी बाकी है। गुरूवार को जारी बयान के अनुसार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने स्पष्ट कहा है कि पार्टी में पहले से सक्रिय पदों पर बैठे लोगों के परिजनों को पद देने की बजाय नए और मेहनती कार्यकर्ताओं को मौका दिए जाने का समय अब आ गया है।

### इन पर गिर चुकी है गाज

जानकारी के अनुसार परिवारवाद के खिलाफ भाजपा प्रदेश स्तर पर हुई कार्यवाही की गाज पार्टी के 3 बड़े नेताओं के परिवार वालों पर गिर चुकी है। जिसमें मंडला जिले की पीएचई मंत्री संपतिया उइके की बेटी, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते की बहन और मऊगंज के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम के बेटे के इस्तीफे शामिल है। परिवारवाद से जुड़ी राजनीति करने वाले और कितने नेताओं पर ये गाज गिरेगी ये तो आने वाला समय ही बताएगा।

## रीवा कलेक्टर से हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट रीवा कलेक्टर से पूछा है कि जब पंचायत भवन का निर्माण नहीं कराया तो भूस्वामी को उसकी जमीन वापस क्यों नहीं दी जा रही है। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने कलेक्टर प्रतिभा पाल एवं तत्कालीन भू-अभिलेख अधीक्षक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।रीवा के ग्राम जनक हाईकला निवासी छोटन लाल मल्ला की ओर से अधिवक्ता मनोज कुशवाहा एवं कौशलेंद्र सिंह ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता 85 वर्ष का है और आर्थिक रूप से कमजोर है। उसने वर्ष 2015 में गांव में पंचायत भवन बनाने के लिए अपनी जमीन तहसीलदार को दी थी, जिसे शासन के नाम पर दर्ज कर लिया गया। सात वर्ष बाद किसी अन्य जगह भवन बनाया गया तो याचिकाकर्ता ने एसडीएम को आवेदन देकर जमीन वापस मांगी। एसडीएम ने तहसीलदार को आदेश दिये। कलेक्टर ने इस मामले में एसडीएम को जांच करने कहा। एसडीएम ने जमीन वापस करने की अनुशंसा की। इसके बाद कलेक्टर ने भू-अभिलेख अधीक्षक को दोबारा जांच करने कहा, जिसने आपत्ति जताते हुए जमीन वापस करने से इनकार कर दिया।

# 15 से शुरू होगी जोगबनी इरोड अमृत भारत

**जबलपुर से उत्तर और दक्षिण जाना हुआ आसान**

**जबलपुर, नवभारत।** उत्तर से दक्षिण भारत की सीधी कनेक्टिविटी का फायदा एक बार फिर जबलपुर को मिलने जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रेलवे प्रशासन आगामी 15 सितंबर दिन सोमवार को बिहार के जोगबनी से तमिलनाडु के इरोड के बीच नई अमृत भारत ट्रेन का संचालन शुरू करने वाला है। जिसके चलते जबलपुर से उत्तर और दक्षिण दोनों ही दिशाओं के लिए यात्रा करना अब आसान हो जाएगा। जानकारी के अनुसार यह ट्रेन पश्चिम मध्य रेलवे के सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी होकर चलेगी। वही जबलपुर से होकर चलने वाली ये दूसरी अमृत भारत ट्रेन होगी इसके पहले सहरसा से एलटीटी मुंबई के बीच अमृत भारत ट्रेन का संचालन हो रहा है।

### यहां रहेगा ठहराव

इस ट्रेन के मार्ग में कई राज्यों के प्रमुख स्टेशन शामिल हैं। इस ट्रेन की पूरी समय सारणी जारी कर दी गई है। रेलवे की ओर से दी गई समय सारणी के अनुसार यह ट्रेन दक्षिण भारत के प्रमुख रेलवे स्टेशनों में सलेम, जोलारपेट, पेराम्बूर, गुडूर, ओंगोल, विजयवाड़ा, खम्मम, वारंगल, बल्हारशाह, चंद्रपुर, सेवाग्राम, नागपुर शामिल है वही मध्य प्रदेश के बैतूल, इटारसी, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, उत्तर प्रदेश के प्रयागराज (छिवकी), विंध्याचल, चुनार, पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर पर रुकेगी।

### 22 कोच होंगे

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार ये गाड़ी 15 सितंबर को स्पेशल ट्रेन रूप में जोगबनी से दोपहर 3.30 बजे चलेगी। ट्रेन अगली सुबह 8.30 बजे छिवकी और बृहस्पतिवार सुबह 7.20 बजे ईरोड पहुंचेगी। साप्ताहिक अमृत भारत संख्या 16601/02 ईरोड से हर बृहस्पतिवार सुबह सात बजे और जोगबनी से हर रविवार दोपहर 3-15 बजे चलेगी। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी किए गए पत्र में बताया गया है कि 22 कोच की ट्रेन में स्लीपर के आठ, सामान्य श्रेणी के 11, एक पेंट्री कार एवं दो एसएलआर श्रेणी के कोच होंगे। बता दे कि ट्रेन को नियमित करने की तिथि फिलहाल घोषित नहीं की गई है।

**इनका कहना है**

जबलपुर की झोली एक और नई अमृत भारत ट्रेन आयी है। इन ट्रेनों के चलने से यात्रियों को सुविधा मिलेगी और रेगुलर ट्रेनों में भीड़ भी कम होगी।

**हर्षित श्रीवास्तव**
**सीपीआरओ, पमरे**

# 6 साल की मासूम बच्ची को कुत्तों ने घेरकर काटा

**शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोट**
**पाटन की साहू कॉलोनी में घटना**
**मेडिकल में चल रहा इलाज**

**नवभारत,जबलपुर।** पाटन क्षेत्र के साहू कॉलोनी के पास 6 साल की मासूम बच्ची पर मोहल्ले के दो कुत्तों ने उस वक्त हमला कर दिया जब वह किराना दुकान से साबुन लेकर घर लौट रही थी। इस दौरान बच्ची ने भागने का प्रयास किया लेकिन कुत्तों ने पीछा करके उसे बुरी तरह काटकर घायल कर दिया। इस दौरान जैसे ही मौके पर मौजूद लोगों की नजर बच्ची पर पड़ी तो उन्होनें कुत्तों के चंगुल से बच्ची को बचाया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और बच्ची बुरी तरह घायल हो गई थी। इस घटना में 6 वर्षीय कविता साहू के शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं हैं। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची बच्ची की मां अहिल्याबाई उसे तत्काल इलाज के लिए पाटन स्वास्थ्य केंद्र लेकर गई जहां प्रारंभिक इलाज के बाद बच्ची को मेडिकल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार अभी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बच्ची का इलाज जारी है। जिसके सिर में गंभीर चोट कें निशान हैं। हमले के बाद बच्ची इस कदर डर गई है कि उसके मुंह से आवाज भी अभी नहीं निकल रही है। इस संबध में अहिल्याबाई ने नवभारत को बताया कि वह मूलत: डिंडोरी जिले की है जो पिछले 6 माह से पाटन में किराए का मकान लेकर रह रही है और मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करती है।

# कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे का निर्वाचन शून्य करने की मांग

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने एक याचिका दायर की है। इसके जरिए अपनी ही पार्टी कांग्रेस से विधायक निर्मल सप्रे का निर्वाचन शून्य करने की मांग की गई है। याचिका में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को भी पक्षकार बनाया गया है। मामले में शीघ्र सुनवाई संभावित है।याचिका के अनुसार पूर्व में विधानसभा अध्यक्ष तोमर को शिकायत की गई थी। लेकिन निर्धारित 90 दिन के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की गई। इसीलिए पहले हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में याचिका दायर की गई थी। वह याचिका क्षेत्राधिकार के बाहर का मामला निरूपित कर निरस्त कर दी गई थी। हालांकि अन्य बेंच में मामला दायर करने स्वतंत्र कर दिया गया था। जिसके बाद हाईकोर्ट में मुख्यपीठ जबलपुर में याचिका दायर की गई है। याचिका में कांग्रेस विधायक सप्रे पर पार्टी विरोधी गतिविधि का आरोप लगाया गया है। लोकसभा चुनाव के दौरान विरोधी दल भाजपा का प्रचार करते नजर आने का तथ्य रेखांकित किया गया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि कांग्रेस विधायक सप्रे भाजपा में शामिल हो चुकी हैं। इसके बावजूद उन्होंने विधायक पद से त्यागपत्र नहीं दिया है।

# आईसर ट्रक, ट्राला, बोलेरो में ठूस-ठूस कर ले जा रहे थे 79 मवेशी, 11 मृत

**बरेला, बरगी, पनागर में पशुक्रूरता की तीन एफआईआर दर्ज**

**जबलपुर।** गौवंशों और मवेशियों को आईसर ट्रक, ट्राला, बोलेरो में ठूस-ठूस कर ले जाया जा रहा था। सूचनाओं पर बरेला, बरगी, पनागर में गौसेवको और हिन्दूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने घेराबंदी कर वाहनों को रोका। मामले की सूचना पुलिस को दी जब तक पुलिस पहुंच पाती तब तक चालक, परिचालक भाग निकले। हालांकि ट्रक में चालक परिचालक, पशुओं के मालिक को जरूर पकड़ा गया। पुलिस ने वाहनों की तलाशी ली तो वाहनों में कुल 79 गौवंश, मवेशीक्रूरता पूर्वक भरे हुए थे। जिनमें से 11 मृत मिले। जीवित मवेशियों को गौशालाएं भेजा गया। साथ ही तीनों वाहनों को जब्त किया गया। तीन थानों में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक विश्व हिन्दू परिषद बजरगं दल के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली मिली बरेला टोल नाका के पास आईसर ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीबी 9289 खड़ा है जिसमें पशुओं का परिवहन हो रहा है। सूचना पर कार्यकर्ता पहुंच गए। पुलिस को बुलाया। पुलिस ने जब तलाशी ली तो आईसर में 6 गाय एवं उनके 5 बच्चे मिले। ट्रक मय पशुओं के रानी अवंती बाई गौशाला ग्राम गाडरखेडा लेजाकर गौशाला भेजा गया। पशुओं का मालिक रवि यादव पिता गोविंद यादव 35 वर्ष निवासी रूआबांधा भाटा पारा थाना सेक्टर 6 भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग) एवं ट्रक चालक कल्याण प्रसाद पिता स्व. बच्चू सिंह गुर्जर 45 वर्ष निवासी इन्दौरा थाना आंगई जिला धोलपुर (राजस्थान) एवं हेल्पर गनेश्वर यादव पिता दशरथ यादव 32 साल निवास ग्राम निवई थाना निवई जिला दुर्ग के आईसर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। इसी प्रकार पनागर थाना अंतर्गत ग्राम भरदा शारदा मंदिर के पास गौसेवकों ने रात्रि 10 बजे बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 20 जेडपी 6043 को पकड़ा जिसमें क्रूरतापूर्वक गौवंश ले जा रहे थे। केबिन में बैठा आदित्य गौतम व ड्राइवर वासन को छोड़कर भाग गए गए। बाद में मामले की सूचना को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची बोलेरो में पीछे डाला में 3 गाय रस्सी से खींचकर गाडी से बंधे क्रूरतापूर्वक भरे हुए मिले। पनागर पुलिस ने वाहन जब्त कर गौवंशों को गौशाला भेजा। इसी प्रकार बरगी पुलिस ने तिनसी के पास नागपुर रोड में गुरूवार सुबह आठ बजे घेराबंदी कर ट्राला क्रमांक टीएस 08 यूबी 1829 को रोका। चालक पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। ट्राला में ठूस-ठूस कर 65 गौवंश भरे हुए थे। ऑक्सीजन की कमी और क्रूरता के चलते 11 की मौत हो चुकी थी। इसके अलावा ट्राला में लिखा नंबर भी फर्जी होने की आशंका है जिसकी भी जांच पड़ताल की जा रही है। इसके अलावा मवेशियों की खरीद फरोख्त में शामिल लोगों का पुलिस पता लगाने में जुट गई है। इन तीन कार्रवाईयों से यह भी स्पष्ट हो गया कि मवेशियों की तस्करी में बड़ा गिरोह सक्रिय है।

### 13 से 27 सितंबर तक बंद रहेगा मदन महल अंडर ब्रिज मार्ग

**नवभारत,जबलपुर।** विकास कार्यो की गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के लिए 13 से 27 सितम्बर तक मदन महल अंडर ब्रिज मार्ग बंद रहेगा ताकि मार्ग निर्माण का कार्य पूर्ण हो सके। इसी प्रकार संभाग क्रमांक 6 अंतर्गत डॉ राम मनोहर लोहिया वार्ड में एम-30 सी.सी. सड़क का कार्य निर्माणाधीन है। जिस कारण से शहरी स्वास्थ्य केंद्र मनमोहन नगर से चौरसिया धर्मशाला बारात घर का मार्ग दिनांक 11 सितम्बर से 18 अक्टूबर तक बंद रहेगा।

# बीकानेर स्वीट्स की मिठाईयों में मिले मरे कीड़े

**नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग ने 10 हजार का ठोंका जुर्माना**

**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम द्वारा लगातार स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाने के साथ-साथ होटलों और अन्य प्रतिष्ठानों में भी साफ-सफाई की स्थितियों का जायजा लिया जा रहा है। नगर निगम के स्वास्थ्य और खाद्य विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से होटलों में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान गंगा नगर गढ़ा स्थित प्रसिद्ध मिष्ठान भंडार बीकानेर स्वीट्स में गंदगी पायी गयी। जिसके कारण टीम के सदस्यों ने दुकान संचालक पर 10 हजार रूपये का जुर्माना लगाया है।

कार्रवाई के संबंध में मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षण संतोष माहोर ने जानकारी देते हुए बताया कि गंगा नगर स्थित प्रसिद्ध मिष्ठान भंडार बीकानेर स्वीटस के कारखाने के अंदर अत्यंत गंदगी, मिठाइयों में मरे कीड़े पाए जाने एवं कारखाने से निकलने वाला गंदा पानी नाली में बहाया जा रहा था, जिस पर प्रतिष्ठान संचालक के विरुद्ध नगर निगम एवं खाद्य विभाग द्वारा चालानी कार्यवाही करते हुए 10 हजार रूपये का जुर्माना लगाया। कार्यवाही के दौरान स्वास्थ्य निरीक्षक राम कोरी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सारिका दीक्षित, सुपरवाइजर मनोहर, मोजेस, संतोष उपस्थित रहे।

# दिन में धूप, शाम को झमाझम बरसे बदला

**मानसून सीजन में अब तक 1081 .4 मिमी बारिश रिकॉर्ड**

**जबलपुर।** मौसम प्रणालियों के असर से एक बार फिर मानसूनी प्रणालियां सक्रिय हो गई। गुरूवार को सुबह से धूप खिली रही। दिनभर सूर्यदेव तमतमाये रहे। गर्मी का भी एहसास हुआ। शाम ढलते ही मौसम ने करवट बदली और झमाझम बारिश शुरू हो गई। शहर की सड़के बारिश से भींग गई। मानसून सीजन में अब तक 1081.4 मिमी बारिश रिकॉर्ड की जा चुकी है।

मौसम विभाग की माने तो गुरूवार को अधिकतम तापमान 32. 1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 2 डिगी अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 25 डिग्री पर पहुंच गया जो सामान्य से 1 डिग्री अधिक रहा। सुबह के वक्त आद्रता 87 और 73 प्रतिशत दर्ज की गई। उत्तर-पश्चिम हवाएं चार किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 12 घंटों के दौरान इसके लगभग पश्चिम की ओर बढ़ने और धीरे-धीरे उसी क्षेत्र में एक निम्न दाब क्षेत्र में कमजोर होने की संभावना है। वर्तमान में मानसून ट्रफ़ माध्य समुद्र तल पर श्री गंगानगर, बरेली, बाराबंकी, देहरी, पुरुलिया, दीघा और फिर दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी विस्तृत है। उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और संलग्न दक्षिण ओडिशा पर ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण माध्य समुद्र तल से 4.5 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय है और ऊँचाई के साथ दक्षिण की ओर झुका हुआ है।

# जब डिब्बे से गायब हुई सोलह चादर और कंबल

**सोमनाथ एक्सप्रेस में महिला ने चुराए चादर और कंबल**

**जबलपुर, नवभारत।** सोमनाथ से चलकर जबलपुर आने वाली सोमनाथ एक्सप्रेस मे गुरुवार को कोच बी 4 में उस समय हंगामा मच गया, जब एक साथ इस एसी 3 कोच से 16 चादर व 1 कंबल चोरी चला गया। जब जांच शुरू हुई तो सीट संख्या 44 पर यात्रा कर रही एक महिला के बैग से चादर व कंबल बरामद किया गया। कोच अटेंडेंट ने जब इसकी सूचना जबलपुर में दी, इसके पहले ही महिला यात्री श्रीधाम स्टेशन पर उतरकर चली गई। इस घटनाक्रम का वीडियो भी वायरल हो रहा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गाड़ी संख्या 11463 सोमनाथ-जबलपुर एक्सप्रेस के बी-4 कोच में कोच में जबलपुर आने के पहले यात्रियों को दिये जाने वाले लिनेन (बेड रोल) को जमा कर रहे थे, तो उन्हें बी4 कोच में गिनती में 16 चादर व 1 कंबल कम मिले। जब यात्रियों से इस संबंध में जानकारी लेना शुरू किया गया तो संदेह की सुई 44 नंबर सीट पर अहमदाबाद से जबलपुर की यात्रा कर रही एक महिला यात्री पर टिकी, कोच अटेंडेंट व सहयात्रियों ने महिला से बैग खोलकर दिखाने को कहा, बमुश्किल महिला यात्री ने जब बैग खोला तो उसमें रेलवे के 11 सफेद चादर व 1 कंबल एक-एक कर निकलना शुरू हुए।

# सत्येंद्र हत्याकांड : फरार आरोपी को लखनादौन से गिरफ्तार कर लाई पुलिस

**चैन्नई भी गई टीम, मृतक का मोबाइल, घटना में प्रयुक्त बाइक जब्त**

**जबलपुर।** बरगी थाना अंतर्गत ग्राम बींझा जंगल में सत्येंद्र उईके 19 वर्षीय निवासी घुंसौर की हत्या मामले में फरार चल रहे एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है आरोपी को लखनादौन से गिरफ्तार कर पुलिस शहर लेकर आ गई। पुलिस की एक टीम मामले में चैन्नई भी गई थी जहां आरोपित ने मृतक का मोबाइल एक दुकान में बेचा था जिसे भी जब्त किया गया है। इसके अलावा वारदात में प्रयुक्त बाइक जब्त कर ली गई है। आरोपित को गुरूवार को न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। बरगी नगर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक सुश्री सरिता पटैल ने बताया कि 20 अगस्त को ग्राम बींझा मोड के पास जंगल में सतेन्द्र उइके की लाश पड़ी मिली थी। मर्ग कायम कर पुलिस ने मामले को जांच में लिया था। जांच में यह बात सामने आई कि 15 अगस्त को मृतक सतेन्द्र उइके अपने दोस्त ददुआ एवं सचिन यादव के साथ घर से मण्डला जाने का कहकर निकला था जो वापस नहीं आया जिसकी गुमशुदगी कि रिपोर्ट थाना घंसौर जिला सिवनी में की गई थी। संदेही सचिन यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई थी सचिन यादव ने सतेन्द्र के गांव की एक युवती के साथ प्रेमसंबंध होने से युवती के भाई आशीष उर्फ बिहारी के कहने पर गांव के ही ददुआ, शिवदीन, हेमराज के साथ मिलकर सतेन्द्र की हत्या करने एंव लाश को कलकुही घाटी में छिपाने की बात स्वीकार की थी जिसके बाद हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया था। पांच अगस्त को नागपुर रोड पर दबिश देते हुये आरोपी बिहारी उर्फ आशीष 20 वर्ष निवासी कुडो बुधवारा, शिवदीन पिता मंगल उइके 23 वर्ष निवासी ईश्वरपुर थाना घंसौर जिला सिवनी, ददुआ उर्फ बृजलाल उर्फ बृजेश पिता भीकम इनवाती 20 साल निवासी ग्राम कुडो बुधवारा को चेन्नई से वापस आते समय अभिरक्षा में लिया गया था। पूछताछ में यह बात सामने आई थी कि बिहारी उर्फ आशीष की बहन एवं सतेन्द्र के मध्य प्रेम संबंध होने से एवं भाई को राखी न बांधने से रुष्ट होकर बिहारी उर्फ आशीष ने अपने चार दोस्तों के साथ मिलकर हत्या करने का प्लान बनाकर 15 अगस्त को सतेन्द्र उइके के दोस्त ददुआ से सतेन्द्र को जंगल मे बुलवाकर गला घोंटकर धारदार कडे से गला रेतकर एवं चेहरा पत्थर से कुचलकर हत्या कर लाश को छुपा दिया था। घटना में प्रयुक्त पत्थर, लोहे का धारदार कडा, मोबाईल, आदि जप्त किया गया था। हेमराज फरार हो गया था। लखनादौन से आरोपी हेमराज उर्फ भोला यादव पिता रज्जूलाल यादव 19 वर्षीय निवासी कूडो बुधवारा घंसौर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में यह बात सामने आई कि मृतक का मोबाइल चैन्नई में एक दुकान में बेच दिया गया था जिसे भी जब्त किया गया इसके अलावा घटना में प्रयुक्त बाइक को भी जब्त कर लिया गया है।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57